गुरुर्गुरुतमो धाम
NCTE

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

(भारत सरकार का एक विधिक निकाय)
हंस भवन, विंग–II, बहादुरशाह जफर मार्ग,
नई दिल्ली–110002

हिन्दी पखवाड़ा 2016 आयोजन

परिषद मुख्यालय में **14 से 28 सितम्बर, 2016** तक हिन्दी पखवाड़े का सफल आयोजन किया गया। सभी क्षेत्रीय समितियों को भी पत्र भेज कर हिन्दी पखवाड़ा आयोजित करने का आग्रह किया गया। 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के आयोजन के साथ पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध किया गया कि हिन्दी पखवाड़े के दौरान कार्यालयीन कार्यों में अधिकाधिक हिन्दी का ही प्रयोग करें। अधिकाधिक कार्य हिन्दी में करने वाले कर्मचारियों के लिए पुरस्कार की व्यवस्था भी की गयी। इस दिन एमटीएस कर्मचारियों के लिए श्रुतलेख प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी, जिसमें नियमित और संविदागत दोनों वर्गों के 26 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में इन दोनों वर्गों के लिए अलग–अलग पुरस्कार रखे गये। हिन्दी पखवाड़े के दौरान दो वर्गों यानी नियमित कर्मचारी तथा संविदागत कर्मचारी वर्ग के लिए अलग–अलग कुल 7 हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे श्रुतलेख, निबंध लेखन, आशुभाषण, कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण, अन्त्याक्षरी, प्रश्नोत्तरी(क्विज) तथा टिप्पण व प्रारूप लेखन। 28 सितम्बर को एक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी कर्मचारियों को विषय–विशेषज्ञ द्वारा "हिन्दी कार्यान्वयन में कम्प्यूटर अनुप्रयोग" संबंधी तकनीकी जानकारी दी गयी। सभी प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का संचालन और मूल्यांकन राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में सभी वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हैं।

सभी हिन्दी प्रतियोगिताओं में अधिकारियों/कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया। पखवाड़े के दौरान पूरे कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ हिन्दीमय वातावरण रहा तथा अनेक अनुभागों द्वारा अधिकांश टिप्पण–प्रारूप लेखन कार्यों में हिन्दी का प्रयोग किया गया। 28 सितम्बर, 2016 को पखवाड़े का समापन हुआ किन्तु समापन समारोह 13 अक्तूबर, 2016 को किया गया। इस दिन समस्त अधिकारी/कर्मचारी सम्मेलन कक्ष में एकत्र हुए तथा सदस्य सचिव महोदय द्वारा समस्त प्रतियोगिताओं में विजयी 114 कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिसमें प्रथम 22, द्वितीय 28, तृतीय 33 तथा प्रोत्साहन 41 सांत्वना पुरस्कार वितरित किए गए। ये पुरस्कार क्रमशः 2,500/– रु. , 2000/– रु., 1500/– रु. तथा 500/– रु. के नकद रूप में प्रदान किए गए।